# 16 जिलों में 144 औद्योगिक प्लॉटों की होगी मेगा ई नीलामी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने उन्नाव व अमेठी समेत 16 जिलों में 144 औद्योगिक प्लॉटों की मेगा ई-नीलामी की योजना तैयार की है। यह नीलामी 11 जुलाई को होगी, इसके लिए 5 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं।

ये मेगा ई-नीलामी मथुरा, मैनपुरी, शाहजहांपुर, हमीरपुर, जालौन, झांसी, फतेहपुर, कानपुर, बांदा, बागपत, उन्नाव, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, हापुड़, वाराणसी और अमेठी जिलों के भूखंडों पर की जाएगी। इसमें अमेठी में सर्वाधिक 33 प्लॉट हैं। नीलामी में शामिल प्लॉटों का आकार 300 वर्ग मीटर से 13197 वर्ग मीटर तक है।

## 5 जुलाई तक आवेदन, 11 जुलाई को होगी ई नीलामी

सबसे छोटे प्लॉट बंथरा, लखनऊ में 300 वर्ग मीटर के हैं, जिनका आरक्षित मूल्य रिजर्व 16.47 लाख रुपये है। वहीं, सबसे बड़ा प्लॉट कानपुर के मलवां में है जिसका आकार 13197 वर्ग मीटर व आरक्षित मूल्य 3.74 करोड़ रुपये है। इन प्लॉटों पर सामान्य से लेकर विशेष औद्योगिक इकाइयां लगाई जा सकेंगी।

निवेशक यूपीसीडा की वेबसाइट या निवेश मित्र पोर्टल से आवेदन कर सकते हैं। 4 जुलाई तक कैटलॉग शुल्क, प्रोसेसिंग फीस और ईएमडी जमा कर ऑनलाइन आवेदन 5 जुलाई तक पूरा करना अनिवार्य होगा। ब्यूरो